## सार-समाचार

### सात दिवसीय शिविर आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा के निर्देशन में एन.एस.एस. प्रभारी योगेन्द्र सिंह एवं एन.एस.एस. चारो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः अंशु गुप्ता, निशांत सिंह चौहान, प्रीति मौर्य ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर व एन.एस.एस. गीत के साथ सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस का आरम्भ किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वीरेन्द्र पाल टांक, सहायक आचार्य, मनोविज्ञान के द्वारा सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान देते हुए स्वयंसेविकाओं को सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव को समझाते हुए सोशल मीडिया के ज्यादा प्रयोग से तनाव, चिंता, अवसाद, अनिद्रा के बारे में समझाते हुए सोशल मीडिया के संतुलित प्रयोग पर जोर दिया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा के द्वारा छात्राओं की रूमाल झपट्टा, 100 मीटर दौड़, तीन टांग, म्यूजिल चेयर, फिज्ज-बज्ज तथा यस-नो जैसी खेल प्रतियोगिताओं का प्रारम्भ करवाया। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है को समझाते हुए व्यक्तित्व के संतुलित विकास के लिए नियमित रूप से खेलो में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक मण्डल में मान सिंह, दीवान सिंह, विनय खण्डेलवाल, देवेन्द्र गहलोत, अंशुलता बंसल, पुनीता खण्डूरी तथा प्रिया शर्मा रहीं। कार्यक्रम के अगले सत्र में हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में 160 वीं रैंक के साथ चयनित प्रीति बैंसला के द्वारा छात्राओं को सिलेबस पैटर्न और स्टडी प्लान को समझाते हुए प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए अनुशासन, अभ्यास और सही रणनीति से छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य एवं एन.एस.एस. सहायक मनेन्द्र दत्त शर्मा, देवी सहाय मीणा, मनीष पुरी, दीपक, उज्जवल सैन, राहुल राणा, जीवन, जोगेन्द्र सिंह, राहुल, कुमकुम, नारायण पटेल, सुरेन्द्र शर्मा व एन.एस.एस. की स्वयंसेविकायें उपस्थित रहीं।

### मेरिट सूची में निर्मल कॉलेज का दबदबा

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की परीक्षाओं की घोषित मैरिट सूची में निर्मल महाविद्यालय, हिण्डौन सिटी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। बी.एससी. परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान निर्मल महाविद्यालय के छात्र लवकुश धाकड़ पुत्र सुमन सिंह धाकड़ ने प्राप्त किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय मेरिट में चारू शुक्ला ने छठवां, रश्मि धाकड़ ने सातवां एवं अक्षिता गोयल ने नवां स्थान हासिल किया। स्नातकोत्तर स्तर पर भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रसायन विज्ञान में महिमा गुप्ता तथा भूगोल विषय में काजल कुमारी ने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वनस्पति विज्ञान में कृष्णा कुमारी ने छठवां स्थान अर्जित किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय सचिव मनीष चौधरी एवं प्रशांत चौधरी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए महाविद्यालय स्तर पर सम्मानित किया। वहीं मैरिट सूची में स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### नगर निगम आयुक्त को लिखा पत्र

**भरतपुर,** (निसं)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित कर शहर के सभी मोक्षधाम व कब्रिस्तानों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए वित्तीय साधन कम हो तो तकमीना अनुमान लगाने को कहा है । डॉ. गर्ग ने आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि एक प्रमुख समाचार पत्र में छपी खबर के अनुसार शहर के कुम्हेर गेट शमशान, अनाह गेट शमशान, नई मंडी शमशान, काली बगीची शमशान सहित कब्रिस्तानों में बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया आदि मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। मृत आत्माओं के अंतिम संस्कार करने में उनके परिजनों व सम्बंधियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। डॉ. गर्ग ने शमशानों व कब्रिस्तानों में सुविधाओं के लिये निरीक्षण करने के आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि अनुमानित तकमीना बनवाये और वित्तीय साधन कम हों तो तकमीना बनवाकर भिजवाए ताकि वे विधायक निधि से राशि स्वीकृत कर सकें।

### जाट समाज चौरासी की महापंचायत 28 को

**हिण्डौन**, (निसं)। जाट समाज चौरासी महामंत्री देवी सिंह सोलंकी व मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जाट समाज चौरासी की महापंचायत दिनांक 28 दिसम्बर 2025 रविवार को सुबह 10 बजे जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में रखी गई है जिसकी अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी करेंगे । महापंचायत में ओडिट रिपोर्ट व समाज में व्याप्त कुरुतियों एवं अन्य सामाजिक बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। महापंचायत में जाट समाज चौरासी कार्यकारणी व पांचों ब्रांच अध्यक्ष मय कार्यकारणी एवं समस्त जाट समाज चौरासी सरदारी समय पर पधारने का श्रम करें।

### आजाद हिन्द सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर,** (निसं)। आजाद हिन्द सेवा समिति के तत्वाधान में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। आजाद सेवा समिति के संगठन महासचिव पुष्पेन्द्र चौधरी ने बताया कि पाकिस्तान, बांग्लादेश में हो रहे हिन्दू अत्याचार के खिलाफ भारत देश के हिन्दुओं में बहुत आक्रोश है और आजाद हिन्द सेवा समिति मांग करती है कि प्रधानमंत्री बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिन्दुओं को हिन्दुस्तान से सुरक्षा मिलनी चाहिए। वहां की सरकारों पर दवाब बढ़ाना चाहिए। अल्पसंख्यक हिन्दू समाज उन देशों में बहुत दु:खी एवं परेशान है। अत: सरकार से मांग करते है कि इस समस्या का समाधान तुरन्त होना चाहिए। ज्ञापन देने वाले लोगों में बब्बू ठाकुर, मन्नू, बेहक, राकेश शर्मा, अतुल शर्मा, विनोद चौधरी, योगेश कुमार अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आयुर्वेद क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा का प्रचार प्रसार जरूरी : शैलेश

■ दस दिवसीय शिविर के पहले दिन 370 रोगियों ने चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया

**भरतपुर,** (निसं)। आयुर्वेद विभाग एवं आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र बैलारा कलां कुम्हेर में आयोजित दस दिवसीय आवासीय निशुल्क क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीग कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह जिला कलेक्टर उत्सव कौशल विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान देवी सिंह उसरानी प्रशिक्षण केन्द्र आचार्य दिव्या राठौर एस एच ओ जितेन्द्र सिंह पूर्व उपनिदेशक डॉ सतीश पाराशर समाजसेवी जितेन्द्र फौजदार द्वारा फीता काटकर एवं धन्वंतरि भगवान की पूजा अर्चना द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा सहायक निदेशक डॉ प्रेम सिंह डीग कुम्हेर सहायक निदेशक डॉ राजेश कुमार जांगिड द्वारा साफा,माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीग कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि आज खान-पान एवं ग़लत जीवन शैली की वजह से फाइल्स भगंदर एवं एनोरेक्टल डिजीज बहुत तेजी से बढ रही हैं इसलिए आयुर्वेद पद्धित में सबसे सुरक्षित क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा के प्रति आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने एवं अधिकाधिक प्रचार प्रसार किए जाने की बात कही। उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष पद्धितयों को अधिक से अधिक बढ़ावा दिए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने अपने उद्बोधन में आयुर्वेद पद्धित के बारे में अपने अनुभवों को साझा करते हुए शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक सुझाव दिए।

इस अवसर पर अर्श भगंदर फिस्टूला परिकर्तिका एवं एनोरेक्टल रोग से बचाव एवं चिकित्सा हेतु जानकारी के लिए लगाई गई सचित्र प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन कर शिविर को जनहित में सराहनीय कदम बताया। शिविर प्रभारी डॉ हरदेव तराना ने बताया कि दस दिवसीय शिविर के पहले दिन 370 रोगियों द्वारा चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया जिनमें से क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा करने हेतु 40 रोगियों को भर्ती किए जाने की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह में पूर्व अतिरिक्त डॉ सुशील पाराशर डॉ परमानंद पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ प्रताप सिंह डा सियाराम इंदोलिया डॉ ओमप्रकाश गुप्ता डॉ उत्तमचंद शर्मा डॉ अशोक कुमार शर्मा पूर्व सहायक निदेशक डॉ संजीव तिवारी डॉ गिरीश शर्मा डॉ भगवान सिंह डॉ धनेश शर्मा डॉ मिथलेश कुमार डॉ लक्ष्मी नारायण शर्मा डॉ गोविंद सिंह लोधा डॉ दिनेश उपाध्याय डॉ सुरेश चन्द्र शर्मा डॉ जयनारायण डॉ सुभाष शर्मा शल्य चिकित्सक डॉ मोहन स्वरूप डॉ ललिता मीना डॉ नरेश गोपाल डॉ बालमुकुंद शर्मा कार्यालय प्रतिनिधि ओमशंकर शर्मा सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन संभागीय समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने किया एवं आभार व्यक्त सहायक निदेशक डॉ प्रेम सिंह द्वारा किया।

## मीडिया ने निगरानी बंद कर दी तो कमजोर हो जाएगा लोकतंत्र : सारस्वत

■ लोकतंत्र की मजबूती में मीडिया की भूमिका विषय पर अग्रसेन कन्या कॉलेज में हुई व्याख्यान माला

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। राजस्थान सरकार से अधिस्वीकृत स्वतंत्र पत्रकार दीनदयाल सारस्वत ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती में मीडिया की बडी भूमिका है। मीडिया ने अपनी निगरानी बंद कर दी तो लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। मीडिया से आमजन को बडी अपेक्षाएं हैं। इस कारण मीडिया को अपनी जिम्मेदारी निष्पक्षता और निडरता से निभानी चाहिए।

स्वतंत्र पत्रकार दीनदयाल सारस्वत मंगलवार को यहां श्री अठासेन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा और उमाशंकर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वतंत्र पत्रकार दीनदयाल सारस्वत का अठासेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी और सचिव डॉ. आनंद अग्रवाल ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए दीनदयाल सारस्वत ने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र बडा ही जोखिम भरा है। इस कार्य में निडरता के जज्वे वाले युवा ही प्रवेश कर पाते हैं। छात्राओं की ओर से पूछे गए एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि ब्लेकमेल करने वाले लोग ज्यादा दिन नहीं चलते। कहीं न कहीं या कभी न कभी वे कानून के शिकंजे में फंस जाते हैं। पत्रकार दीनदयाल सारस्वत ने स्वस्थ और निष्पक्ष पत्रकारिता की वकालत की और कहा कि बिना प्रलोभन और दबाव में आए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करना चाहिए।

## कुंवर भीम सिंह राजपूत मनोनीत

**भरतपुर,** (निस)। समाज के अग्रणी संगठन अंतर्राष्ट्रीय राजपूत संसद के संगठन विस्तार की कडी में एक नियुक्ति की गई है। संगठन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष ठा. रघुवीर सिंह नाथावत ने समाज सेवा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए कुंवर भीम सिंह राजपूत को भरतपुर जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ठा. रघुवीर सिंह नाथावत ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया कि कुंवर भीम सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष समाज के हितों की रक्षा करने, युवाओं को जोड़ने और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# ‘असहाय की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा’

**भरतपुर,** (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय मछली मोहल्ला स्कूल भरतपुर ,में गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए इस कार्यक्रम को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच भरतपुर बैनर तले किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह जघीना ने कहा कि बच्चों को स्वेटर वितरित कार्यक्रम पंडित दीनदयाल जी के विचारों से प्रेरित होकर किया गया गरीब असहाय की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, मंच के जिला संयोजक पूर्व पदेश मंत्री भाजपा गिरधारी तिवारी ने कहा कि गरीब बच्चों को वस्त्र वितरण कार्यक्रम बहुत अच्छा कार्यक्रम है इसमें सभी संस्था और लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए यह संस्था द्धारा विगत 8/10 शाल से जबसे कुलदीप सिंह जिला अध्यक्ष बने हैं तब से ऐसे हजारों सामाजिक कार्य किए जा चुके है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की शहर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा भरतपुर मोनिका चौधरी द्धारा दिए गए उद्यबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यायएकात्म मानव बाद ब अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आगे लाना उनके सराहनीय विचार आज क्रियान्वित हो रहे है। कार्यक्रम में सूर्यांश चौधरी देवेंद्र शर्मा, वीरीसिंह फौजदार नमन चौधरी तथा स्कूल की अध्यापिका एवं अध्यापक मौजूद रहे।

## पटटो की फाइलों में हेराफेरी करने पर दो गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पट्टों की फाइलों में हेराफेरी के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने नगर परिषद के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में स्टोरकीपर दीपक गुप्ता निवासी लाटा हाउस, रामनगर और रामप्रसाद माली निवासी चकछावा शामिल हैं। उन्हें मंगलवार को ग्रामीण कोर्ट में पेश किया गया।

इस अवसर पर कोतवाली थाना के एएसआई सुरेशचंद ने बताया कि कोर्ट ने दीपक गुप्ता को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। वहीं, रामप्रसाद माली को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एएसआई सुरेशचंद के अनुसार आरोपी दीपक गुप्ता से पूछताछ कर इस मामले में शामिल अन्य लोगों और हेराफेरी के समयकाल का पता लगाया जाएगा।

पुलिस अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है। यह मामला 21 अगस्त 2025 को सामने आया, जब परिवादी की भाभी आशा सिंहल को नगर परिषद से एक पत्र मिला। इस पत्र में 26 अगस्त 2025 को पट्टे संबंधी शिकायत की सुनवाई के लिए साक्ष्य सहित उपस्थित होने को कहा गया था।

# शिक्षक खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज

**करौली**, (निसं)। मासलपुर शिक्षा विभागीय 36 वी जिला स्तरीय शिक्षक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता चयन एवं दल गठन 2025- 26 का उद्घाटन समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर में मंगलवार को आयोजित हुआ।

इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य रामेश्वर जाटव व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवारी व अध्यक्षता ए डी ओ प्रारंभिक शिक्षा राधा रमन शर्मा ने की । मुख्य अतिथि इंद्रेश तिवारी ने कहा कि शिक्षक विद्यालय की महत्वपूर्ण धुरी होता है । जो खिलाड़ी के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलों से मनुष्य का स्वस्थ शरीर रहता है । स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर राज्य में करौली जिले का नाम रोशन करें। अध्यक्षता कर रहे राधा रमन शर्मा ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । मनुष्य जीवन भर सीखता है और आगे बढ़ता रहता है। विशिष्ट अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर रचना शर्मा ने कहा , खेल-खेल में शिक्षा के माध्यम से बच्चों में पल रहे अवसाद ,धैर्य की कमी, बोलचाल में शिष्टाचार बच्चों में गुस्सा पर कंट्रोल किया जा सकता है । विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मासलपुर प्रभु दयाल बेरवा ,सीनेट एवं एसोसिएट प्रोफेसर डायट गोनेर रचना शर्मा, आर पी रविंद्र रावत, प्रा शि

खेल प्रभारी मुकेश चंद शर्मा, शारीरिक शिक्षक संघ प्रारंभिक शिक्षा के जिला अध्यक्ष हरीश पाठक, संरक्षक राजेश सहारिया , ऑनलाइन प्रभारी वरुण सिंह, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक व्याख्याता विनय कुमार शर्मा रहे उपस्थित। इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्रपट के आगे दीप प्रज्वलन कर, प्रतियोगिता का ध्वज चढाकर शुभारंभ किया। आयोजन कमेटी के प्रधानाचार्य रामेश्वर जाटव, शारीरिक शिक्षक हरिचरण मीणा, दिनेश सिंह खटाना, रामजीलाल, पवन कुमार ,पीयूष शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर स्वागत किया, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर वेदरत्न जर्मनी ने किया । योगेंद्र सिंह सुल्तानोंत ने बताया कि 23 से 24 दिसंबर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग के लगभग 192 संभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, एकल नृत्य समूह गान, विचित्र वेशभूषा, एथलेटिक्स, 100 , 200, 4,00 मीटर दौड़, लंबी कूद ,ऊंची कूद गोला फेंक, खेल आयोजित हो रहे हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक महेंद्र गौतम,लोकेश मीना युधिष्ठिर भाकर, योगेंद्र सुल्तानोत, प्रियाकांत मीना,प्रशांत शर्मा, विक्रम सिंह,महेश तिवारी, दिनेश गुप्ता, बंसीलाल बिश्नोई राकेश सारण, धर्मेंद्र शर्मा, कैलाश जाट ,आदि उपस्थित रहे।

शतरंज परिणाम इस प्रकार रहे। रामभरोसी स्वर्णकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोडर ने अमित कुमार गोड महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हिंडौन सिटी को हराया।

## सार-समाचार

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न

**करौली,** (निसं)। स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली में जिला स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न हुआ, अतिथियों को अनोखे अंदाज में युवा ढोल टीम द्वारा प्रवेश द्वार से ढोल बाजे के साथ अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया,स्वागत द्वारा पर बालिकाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया एवं प्राचार्य एवं विधायक परिवार द्वारा अतिथियों का दुपट्टा उढ़ाकर एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेट कर स्वागत किया गया,जिला स्तरीय युवा महोत्सव में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिड़वाल मुख्य अतिथि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमानाराम विशिष्ट अतिथि रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीईओ गोपाल प्रसाद मीना ने की ,इंद्रेश तिवाड़ी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक /प्रारंभिक )शिक्षा, सीमा जादौन सीबीईओ करौली,मानसिंह मीना उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा,राजेश कुमार मीना अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा करौली अतिथि रहे,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हेमराज परिड़वाल एडीएम ने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर करौली का संभाग एवं राज्य स्तर पर अपना परचम लहराए,एडिशनल एसपी गुमानाराम ने युवाओको सोशल मीडिया एवं ए आई पर निर्भर नहीं रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा और दोपहिया वाहन चलते समय हेलमेट लगाना सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक बताया,क्योंकि सड़क हादसों में आधे से ज्यादा दोपहिया वाहन चालक जो बिना हेलमेट वाले होते है, अतःदोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें,युवा साइबर फ्रॉड से सजग रहे,स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली के प्राचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा हर वर्ष युवा महोत्सव का आयोजन युवाओं में अपनी प्रतिभा के निखार के लिए श्रेष्ठ मंच है,विभिन्न क्षेत्र जिनमें विशेषकर भाषण, कहानी लेखन,चित्रकला,हैंडीक्राफ्ट ,टेक्सटाइल,एग्रोप्रोडेक्ट,इनोवेशन,विकसित भारत चैलेंज ट्रैक,लुप्त कलाओं( रेयर आर्ट) में रावण हत्था,फड़, रम्मत, अलगोजा, भपंग, मोरचंग,खड़ ताल वादन, माढ़ना, माढ़ना, कविता, सामूहिक एवं एकल गायन,सामूहिक एवं एकल नृत्य में युवाओं ने अपनी प्रस्तुति दी, कार्यक्रम में राजेश मीना ने मंच संचालन किया।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी ब्लॉक के उत्कृष्ट प्रदर्शन की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक नीति आयोग, भारत सरकार के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नेहा गुप्ता (डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस) की अध्यक्षता और जिला कलेक्टर काना राम की उपस्थिति में हुई। जिला कलेक्टर कानाराम ने केंद्रीय प्रभारी अधिकारी को जिले की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी ब्लॉक ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े 39 संकेतकों में प्रभावी कार्य किया है। इसके परिणामस्वरूप, नीति आयोग की द्वितीय तिमाही रैंकिंग में ब्लॉक ने जोन-4 में पहला और राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए गंगापुर सिटी ब्लॉक को 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह राशि आगामी विकास कार्यों को गति देने में सहायक होगी। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नेहा गुप्ता ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता आपसी समन्वय और टीमवर्क के कारण संभव हुई है।

### ट्रॉफी-जर्सी का अनावरण

**करौली**, (निसं)। जिले की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता करौली प्रीमियर लीग 2025, सीज़न-3 को लेकर जिलेभर में क्रिकेट का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। मंगलवार को राजीव गांधी खेल संकुल मैदान पर आयोजित भव्य समारोह में 2025 की विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी के साथ-साथ खिलाड़ियों की आकर्षक जर्सी का अनावरण किया गया। केपीएल संयोजक राजेश सारस्वत एवं मीडिया प्रभारी सागर शर्मा ने बताया कि इस आयोजन के साथ ही करौली में क्रिकेट महाकुंभ का औपचारिक आगाज़ हो गया है, जबकि आज केपीएल-3 का उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा। ट्रॉफी एवं जर्सी अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट नवल किशोर शर्मा, प्रमुख प्रायोजक हाजी रुखसार अहमद, संयोजक राजेश उर्फ नन्हे बाबू सारस्वत, आयोजन सचिव बबलू शुक्ला, केपीएल-3 के पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतियोगिता में शामिल पांचों फ्रेंचाइजियों के ऑनर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## विष्णु बंजारा का किया सम्मान

**सूरौठ, ( निसं )।** बंजारों का नंगला सूरौठ में सोमवार को इंडियन एयरफोर्स में टेक्नीशियन पद पर चयनित हुए विष्णु बंजारा (पुत्र जिलेदार बंजारा) के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया विष्णु बंजारा का एकमात्र ऐसा समाज का व्यक्ति हैं जिसका चयन इंडियन एयरफोर्स में टेक्नीशियन पद के लिए हुआ है, जहां वे 28 दिसंबर 2025 को जॉइनिंग करेंगे। उनकी प्रारंभिक ट्रेनिंग बेंगलुरु सिटी में होगी।इस अवसर पर पूरे गांव और बस्ती की ओर से विष्णु बंजारा का मान-सम्मान किया गया।
ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर, शुभकामनाएं देकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विष्णु बंजारा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बंजारा समाज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनके चयन से गांव के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**कोटा मंडल, खुली निविदा सूचना**

सं. ईएल/50/एनआईटी/67( 2025-26 )दि.16.12.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या-** ईएल/50/284/2025-26, **कार्य का नाम-कोटा डिवीजन:** कोटा डिवीजन में "20000" से अधिक TUV वाले गैर-इंटरलॉक एलसी गेट( KOTA-COR सेक्शन पर एलसी 43 और एलसी 45) के इंटरलॉकिंग और "20000 से अधिक TUV वाले गैर-इंटरलॉक एलसी गेट (GQL-THEA सेक्शन पर एलसी 13) के इंटरलॉकिंग" से संबंधित कार्य और कोटा डिवीजन के अंतर्गत फ्लड लाइट टॉवर (lattice type) को हटाना और कोटा डिवीजन:-नए रेलवे संस्थान और सामुदायिक हॉल भवन के लोड को पूरा करने के लिए सबस्टेशन का प्रावधान। **अनुमनित लागत ( रु. में )**-57,01,980.44/-, **बयाना राशि ( रु. में )**-1,14,000/-, **कार्य समाप्ति अवधि**-06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**-09.01.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नही है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ लें।

(हस्ता.)

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता ( सामान्य )/पमरे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# जनसंवाद व परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**करौली**, (निसं)। राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग राजनैतिक प्रतिनिधित्व आयोग राजस्थान सरकार की ओर से जिला स्तरीय जनसंवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम दोपहर बाद 2.30 बजे से शा 4.30 बजे तक पंचायत सभागार करौली में आयोजित हुआ। जनसंवाद कार्यक्रम में आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना एवं गोपाल कृष्ण शर्मा ने उपस्थित लोगों और जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन से प्रत्यक्ष संवाद किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े क्षेत्रवार मुद्दों, विकास की जरूरतों, चुनौतियों सामाजिक-आर्थिक और कल्याण से संबंधित समस्याओं पर सीधा फीडबैक लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख, प्रधान, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य, नगर परिषद व नगर पालिका के अध्यक्ष एवं सदस्य, बार काउंसिल प्रतिनिधि, सामाजिक एवं शैक्षिणक संस्थाएं, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित ओबीसी कल्याण से जुड़े पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे। आयोग द्वारा प्राप्त सुझावों और प्राथमिक टिप्पणियों को संकलित कर रिपोर्ट में शामिल कर सरकार को रिपोर्ट भेजने की बात कही, ताकि राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सामाजिक न्याय, सशक्तिकरणकं और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर ठोस नीति-निर्माण किया जा सके। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं करते हुए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस कार्यक्रम के दोरान सीधे जनप्रतिनिधियों से संवाद किया।

**प्रारूप 10 ( नियम 8 ( 7 ) देखिए )**

**प्राधिकृत अधिकारी का नाम:- नगर परिषद, गंगापुर सिटी**

क्रमांक:-7265 | दिनांक: 23.12.2025

**लोक सूचना**

कंचन पुत्री रामनाथ, कल्याण पुत्री रामनाथ, छितर पुत्र रामनाथ, रम्मा पुत्री रामनाथ, सावित्री पुत्री रामनाथ राजस्व ग्राम हिंगोटिया तहसील गंगापुर सिटी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निवापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिला व तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टर |
|---|---|---|---|
| सवाई माधोपुर गंगापुर सिटी | हिंगोटिया | 306 | 0.7400 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............... को जारी की गई।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, गंगापुर सिटी**

# भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई रोकने के लिए प्रदर्शन किया

**करौली**, (निसं)। कटकड क्षेत्र के 12 गांव के लोगों ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर पूर्व विधायक लाखन सिंह मीणा पूर्व विधायक सुरेश मीणा के नेतृत्व में आयरन और खनिज के लिए लिलोटी टोडूपुरा देदरौली खोहरा ब्लॉकों को रद्द करने और भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को रोकने के लिए रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर ब्लॉकों को रद्द नहीं किया और भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को नहीं रुकवाया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा

उन्होंने ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि लिलोटी टोडूपुरा देदरौली खोहरा ब्लॉकों में आयरन प्लांट के लिए दर्जनों गांव की भूमि राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है उन्होंने बताया कि ब्लॉक 47 में देदरौली सिंघानमीना खेड़ा जमालपुर कंचरोली फुलवाड़ा बुर्जा वाड़ा दुघाटी चमरपुरा की 684 हेक्टेयर भूमि और ब्लॉक 48 में गांव कारवाड मीणा देदरोली टोडूपुरा मनेमा फैलीकापुरा जमालपुर की 233 हेक्टर भूमि इसी प्रकार ब्लॉक नंबर 49 में कोटरा डहर गावडा मीणा गुर्जर गांवडा निंमोड पट्टी लिलोटी कारवाड मीणा की 455 हेक्टेयर भूमि एवं ब्लॉक नंबर 50 में सम्मिलित गांव खोहरा खरेटा भूसाती बमनपुरा दो घाटी चमरपुरा की 459 हेक्टेयर भूमि को अधिठाहण किया जाना है जिससे इस क्षेत्र में निवासरत करीब डेढ़ लाख जनसंख्या प्रभावित होगी इस जमीन अधिग्रहण से यहां के लोगों का जीवन यापन तथा निवास करने का संकट खड़ा हो जाएगा उन्होंने ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि यहां के लोग ज्यादातर परिवार जमीन तथा जंगलों पर ही आश्रित है इस क्षेत्र में सभी वर्गों तथा समुदायों के लोग रहते हैं जिनकी आजीविका का मुख्य साधन जमीन तथा जंगल है उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि आदि ग्रहण की कार्रवाई की जाती है तो यहां के लोग उठा रूप से आंदोलन के लिए अग्रसर होंगे तथा कोई भी जनहानि हो सकती है।

उन्होंने बताया कि एक जन समुदाय को भड़काने वाली कार्रवाई इन ब्लॉक में जांच हेतु मशीन का लगाया जाना है जिसके कारण जन समुदाय में भारी रस व्याप्त है इसलिए जांच मशीन को तुरंत प्रभाव से हटाया जावे जिससे लोगों में रोष कम हो सके उन्होंने बताया कि जनकल्याण की भावना के अनुसार कुल प्रस्तावित चारों ब्लॉकों में 1832 हेक्टेयर भूमि कि अधिग्रहण की कार्रवाई को निरस्त तथा मशीन को तुरंत हटाया जाए और यदि हटाने की कार्रवाई नहीं की गई तो 15 दिवस बाद पूरे क्षेत्र के लोग उठा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जी सब की समस्त जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी जिसका उन्होंने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को कलेक्ट सभागार में सौंपते हुए जिला कलेक्टर से आयरन और खनिज के क्षेत्र मैं की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली जिला कलेक्टर ने जानकारी देते हुए कहा कि अभी अधिठाहण की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके लिए ग्राम पंचायत सुनवाई करते हुए सुझाव दिए जाएंगे उन्होंने कहा कि आपके ज्ञापन को तुरंत प्रभाव से सरकार को भेज कर अवगत कराया जाएगा इस मौके पर कटकड क्षेत्र के प्रमुख एवं पूर्व सीएमएचओ डॉक्टर बी एल मीणा देवी सहाय मीणा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सेवानिवृत प्रबंधक छुट्टन लाल लाल मीणा जिला प्रमुख प्रतिनिधि रखखी लाल बेरवा प्रदेश कांठोस कमेटी की प्रदेश सचिव हुकुम बाई मीणा एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष सहित कटकड क्षेत्र के 12 गांव के बड़ी संख्या में लोग थे थे और उनके साथ रैली में महिला भी साथ थी।

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.डी.एल.-अ.01122025-268112
CG-DL-E-01122025-268112

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग-II-खण्ड-3-उप-खण्ड-(ii)
PART-IISection 3-Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

संख्या-5297] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 28, 2025/अग्रहायण 7, 1947
No. 5297] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 28, 2025/AGRAHAYANA 7,1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 29 नवम्बर 2025

का.आ. 5478-E - केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि राजस्थान राज्य के करौली जिले के गाँव-सलेमपुर, तमोली पुरा, वाद सलेमपुर, तालुक-सपोटरा में NH23 के कि.मी. 0 से कि.मी. 19 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात उपखण्ड अधिकारी सपोटरा को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

राजस्थान राज्य के करौली जिले के गाँव-सलेमपुर, तमोली पुरा, वाद सलेमपुर, तालुक-सपोटरा में NH23 के कि.मी. 0 से कि.मी. 19 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

7990 GI/2025

DIPR/C/18549/2025